जन्म दिवस से पहले ही खोल दिया दरबार

छोटी सी ये अर्ज़ी,करली तूने स्वीकार
जन्मदिवस से पहले ही,खोल दिया दरबार

अब ना अकेला होगा,श्याम खाटूवाला
पड़ा नहीं होगा तेरे,मंदिर पे ताला
भूल नहीं पाएंगे,बाबा तेरा उपकार
जन्मदिवस से पहले ही,खोल दिया दरबार

खुशियों से झोली तूने,भर दी हमारी
लाज बचाली तूने,श्याम बिहारी
देना तो हमको था,पर तूने दिया उपहार
जन्मदिवस से पहले ही,खोल दिया दरबार

वादा करो ये हमसे,रुठ मत जाना
बच्चो को बाबा अपने,भूल मत जाना
कहे सचिन खाटू में,अपना तो है घरबार
जन्मदिवस से पहले ही,खोल दिया दरबार

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19206/title/janam-divas-se-pehle-hi-khol-diyan-darbar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |